### मध्यरात्रि को नया वर्ष शुरू होते ही मोबाइल फोन पर बधाई देने के लिए घनघना उठी घंटियां

# उत्साह, उमंग और खुशी की कामना को लेकर नववर्ष का लोगों ने किया स्वागत, जमकर मनाया जश्न, बधाइयां दीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

नव वर्ष 2026 का स्वागत जिले भर में लोगों ने उमंग, उत्साह और हर्षोल्लास समेत सुख शांति और मंगल कामना को लेकर किया। इस दौरान लोगों ने जमकर जश्न मनाया। मध्यरात्री होते ही मोबाइल की घंटियां घनघना उठी और एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई और शुभकॉमनाएं देने का सिलसिला शुरू हो गया जो वीरवार को दिनभर जारी रहा। लोगों ने नाच गाकर अपनी खुशी का इजहार किया। वहीं, वीरवार सुबह अधिकांश लोगों ने अपने नजदीक स्थित मंदिरों में पहुंचकर प्रभु के दर्शन कर पूजा अर्चना की। इसके अलावा कई स्थानों पर हवन-यज्ञ किए गए और भजनों का आयोजन किया गया। मौके पर भंडारों का आयोजन भी किया गया। मध्यरात्रि को जैसे ही घड़ी की सुइयां बारह बजने के बाद आगे बढ़ी तो नव वर्ष-2026 का खुशनुमा आगाज हो गया। इस दौरान एक दूसरे को शुभकामनाएं व बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। हालांकि गत बुधवार शाम छह बजे से ही लोग अपने दोस्तों के घरों या फिर जहां पर नव वर्ष मनाए जाने के लिए इंतजाम किए थे, वहां पर एकत्रित होने लगे थे। जहां नाच गाने का पूरा प्रबंध था वहीं खाने-पीने की चीजों की भी पूरी व्यवस्था की गई थी। जिनका लोगों ने अपने रिश्तेदारों, परिचितों व दोस्तों के साथ मिलकर खूब आनंद उठाया। मध्यरात्रि को घड़ी में 12 बजते ही बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। लोगों ने एक दूसरे को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देनी शुरू कर दी। कुछ लोग अपने परिचितों के घर पहुंच गए तो ज्यादातर लोगों ने मोबाइल व व्हाटसएप से मैसेज कर बधाई दी।

**वीरवार को दिनभर शुभकामनाएं देने का सिलसिला जारी रहा**

## जिले में कई स्थानों पर भजनों का आयोजन तो कहीं पर भंडारे लगा प्रसाद बांटा

### खुशहाली के लिए की पूजा-अर्चना

नव वर्ष के शुभारंभ पर वीरवार सुबह होते ही लोगों की मंदिरों में लाइनें लगनी शुरु हो गई थी। श्रद्धालुओं ने नए वर्ष के शुभारंभ पर मंदिरों में भगवान के दर्शन कर अपने परिवार की सुख शांति व समृद्धि के लिए पूजा अर्चना की। वहीं, कुछ लोगों ने अपने घरों में हवन यज्ञ किए और पूजा अर्चना की। मौके पर परिवार के लोगों ने हवन यज्ञ में आहुतियां डालकर सुख समृद्धि की कामना की गई। जबकि कई स्थानों पर सामुहिक रुप से हवन यज्ञ किए गए। इसके अलावा कई स्थानों पर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। नव वर्ष के आगमन पर जिले में कई स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया गया। वहीं, कई स्थानों पर दुकानदारों ने हलवे, चाय व ब्रेड पकोड़ों का प्रसाद वितरित किया लोगों को रोक-रोक कर प्रसाद वितरित किया।



### नव वर्ष सभी राशियों के लिए है शुभदायी

पंडित लक्ष्मण दास का कहना है कि वैसे तो वर्ष 2026 सभी जातकों की राशियों के लिए शुभदायी है। मगर कई राशियों पर इस वर्ष की विशेष कृपा रहेगी।



## खबर संक्षेप

### जीवन में सफलता के लिए नशे से दूर रहें

**रादौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चमरोडी में वीरवार को सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ स्कूल प्रिंसिपल इंदिरा देवी ने किया। शिविर इंचार्ज पवन रोहिला मुख्यरूप से मौजूद रहे। इंचार्ज पवन रोहिला ने बताया कि कैंप के पहले दिन लक्खा सिंह खेड़ी चौकी सब इंस्पेक्टर आनंद प्रकाश द्वारा बच्चों को नशे के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने बताया कि यदि बच्चों को अपने जीवन में सफल होना है, तो उन्हें नशे से दूर रहना चाहिए।

### नशे से दूर रहकर धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लें

**रादौर।** भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में वीरवार को चमरोडी में मास्टर अनिल के घर 24 घंटे के दिव्य अनुष्ठान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन राजेश बुबका ने किया। कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र मेहता ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नए साल पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने आप को सुधारने के साथ समाज को सुधरेंगे और अनीति अन्याय अधर्म से समझौता नहीं करेंगे।

### चोरों ने सूने घर से चुराए सोने के आभूषण

**यमुनानगर।** खारवन में चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर हजारों रुपये के सोने के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के सदस्य किसी काम से बाहर गए थे। खारवन निवासी सुरेंद्र कुमार ने सदर जगाधरी पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह 19 नवंबर को शाम पांच बजे परिवार के सदस्यों के साथ किसी काम से बाहर गया था। 20 नवंबर को सुबह नौ बजे जब वह वापस घर लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर अलमारी से तीन सोने की अंगूठियां, सोने का लॉकेट, सोने की चेन व अन्य आभूषण गायब मिले।

### नव वर्ष के मौके पर लगाया लंगर

**रादौर।** श्री गुरु रविदास आश्रम बसंतपुरा में संचालित आशा राम गोमती देवी चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से वीरवार को नववर्ष के उपलक्ष में चाय पकौड़े के लंगर का आयोजन किया गया। मौके पर चेयरमैन पोलाराम मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने देशवासियों को नववर्ष 2026 के आगमन पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने भगवान से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि की कामना की।

### वीर गोकुला जाट का बलिदान दिवस

**रादौर।** जाट सभा के तत्वावधान में वीरवार को वीर गोकुला जाट का 355 वां बलिदान दिवस मनाया गया। मौके पर सभा के प्रधान सुरेश पाल बंचल मुख्य रूप से मौजूद रहे। प्रधान वीर गोकुला के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रंद्धाजलि भेंट की गई। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को समाजिक बुराईयों को खत्म करने को लेकर शपथ ग्रहण करवाई गई। प्रधान सुरेशपाल बचंल ने कहा कि वीर गोकुला एक महान यौद्धा थे। जिन्होंने दुश्मनों के दांत इक्टठे किए थे।

## मेयर ने जगाधरी में जलभराव वाले क्षेत्रों का किया निरीक्षण

# मानसून से पहले सभी नालों की सफाई करवाएं : बहमनी

**जलभराव के कारणों की जानकारी ली और समाधान के निर्देश दिए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी की मेयर सुमन बहमनी ने वीरवार को निगमायुक्त महाबीर प्रसाद समेत अन्य अधिकारियों के साथ जगाधरी के जलभराव वाले क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेयर ने अधिकारियों को बरसात से पहले सभी नालों की सफाई, मरम्मत और अतिक्रमण हटाने का कार्य हर हाल में पूरा किए जाने के निर्देश दिए।

मेयर सुमन बहमनी व नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने निगम के अन्य अधिकारियों के साथ वीरवार को सबसे पहले जगाधरी स्थित रामलीला भवन क्षेत्र का निरीक्षण किया। यहां रामलीला भवन, एमआर मेटल से ढोल वाली पुलिया, अशोक विहार से एमआर मेटल तक का नाला, सती वाली पुलिया, ढोल वाली पुलिया और वोक्सवैगन शोरूम के पास स्थित नाले की स्थिति का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक सुधारात्मक कार्यों के निर्देश दिए। इसके बाद मेयर सुमन बहमनी ने अधिकारियों की टीम के साथ जगाधरी के मटका चौक, जगाधरी बस स्टैंड, अशोक विहार कॉलोनी सहित अन्य संवेदनशील क्षेत्रों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेयर सुमन बहमनी ने जलभराव के कारणों की जानकारी ली और समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जगाधरी क्षेत्र में जहां जहां जलभराव की समस्या रहती है। उन सभी स्थानों को चिन्हित कर प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाए। जहां नाले बंद या संकरे हैं वहां सफाई और मरम्मत सुनिश्चित की जाए। साथ ही टूटे व क्षतिग्रस्त नालों को दुरुस्त कर उन्हें पूरी क्षमता से कार्यशील बनाया जाए। मेयर सुमन बहमनी और नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने अधिकारियों को आपसी तालमेल और सहयोग के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून से पहले सभी नालों की सफाई और सुधार कार्य पूरा करना नगर निगम की प्राथमिकता है।



- बंद और संकरे नालों की मरम्मत करने के दिए निर्देश

यमुनानगर। जगाधरी क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए मेयर सुमन बहमनी। *फोटो : हरिभूमि*

## मजबूत नेतृत्व से अटल जी ने देश को दी नई दिशाः आनंद



यमुनानगर। कार्यक्रम में अटल जी के जीवन पर विचार रखते हुए वक्ता।

- पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में अटल शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में गांव साबापुर में कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में अटल शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में गांव साबापुर स्थित शिवालिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल में प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अटल शताब्दी वर्ष की जिला संयोजक मलिक रोजी आनंद व निगम की मेयर सुमन बहमनी ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया। मुख्यातिथि एवं जिला संयोजक मलिक रोजी आनंद ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। प्रधानमंत्री रहते हुए उन्होंने देश को अनेक ऐतिहासिक योजनाएं और दूरगामी निर्णय दिए। जिनका लाभ आज भी देशवासियों को मिल रहा है। अटल जी ने दूरदर्शी सोच और मजबूत नेतृत्व से देश को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक कुशल राजनेता ही नहीं थे। बल्कि एक संवेदनशील कवि, विचारक और आदर्श प्रशासक भी थे। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के ऐसे युगपुरुष थे। जिन्होंने अपनी दूरदर्शी सोच, सरल व्यतित्व और मजबूत नेतृत्व से देश को नई दिशा दी। उन्होंने सुशासन को केवल एक शब्द नहीं बल्कि एक प्रभावी कार्यशैली के रूप में अपनाया। मेयर ने कहा कि अटल जी ने सदैव अंत्योदय की भावना के साथ कार्य किया और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का प्रयास किया। अटल जी के विचार आज भी प्रसांगिक हैं।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर स्कूल चेयरमैन सोहनलाल, मंडल अध्यक्ष अनिल बलाचौर, महामंत्री रिंपल कांबोज व शशि ढुरेजा आदि मौजूद रहे।

## हवन से मिलता है साकारात्मक सोच और सामाजिक एकता को बलः रमन

- कांग्रेस ने हवन यज्ञ करके नव वर्ष 2026 का किया वेलकम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

कांग्रेस के जिला कार्यकर्ताओं ने जगाधरी वर्कशाप मार्ग पर इंटक हाल के नजदीक स्थित कार्यालय में नव वर्ष 2026 का वेलकम हवन यज्ञ करके किया गया। हवन यज्ञ में मुख्यातिथि के रुप में यमुनानगर विधानसभा से प्रत्याशी रहे एवं पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी ने आहुतियां अर्पित कर सभी के लिए मंगलकामना की।

मौके पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच प्रसाद वितरित किया गया। मुख्यातिथि एवं कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी ने कहा कि नव वर्ष हमें नई ऊर्जा, नए संकल्प और समाज सेवा की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि हवन यज्ञ जैसे आयोजनों से सकारात्मक सोच और सामाजिक एकता को बल मिलता है।



यमुनानगर। नव वर्ष का हवन यज्ञ करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता व मुख्यातिथि रमन त्यागी।

**ये रहे मौजूदः** इस अवसर पर दिनेश डुमरा, सही राम, सुनील, मोहित, दिनेश, विश्वास, विक्रांत, विशाल शर्मा, मोहन, राहुल, केशर सिंह, अमनदीप, वीरेंद्र भाटिया, ओम प्रकाश तलुजा व सचिन आदि मौजूद रहे।

### मकान बेचने के नाम पर रिटायर्ड सैनिक के साथ की धोखाधड़ी


**यमुनानगर।** आत्म नगर गुलाब नगर कॉलोनी में भारतीय सेना से रिटायर्ड सैनिक के साथ मकान बेचने के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में आत्म नगर गुलाब नगर निवासी सिंबर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सेना से रिटायर्ड है। रामनगर निवासी नरसिंह ने उन्हें अपना मकान बेच दिया था। 30 जून 2022 को उन्होंने अपने खरीदे हुए मकान पर पंजाब नेशनल बैंक, शाखा महलावाली का नोटिस चिपका हुआ देखा। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले बैंक कर्मचारी आए और बताया कि मकान पर कोर्ट केस है तथा इसे सील किया जाएगा क्योंकि पिछले मालिक ने लोन नहीं चुकाया।

## भारतीय इतिहास में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने शुरु किया एक नया अध्यायः मानसा

- गुरु नानक खालसा कॉलेज में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का भारतीय इतिहास पर आनलाइन व्याख्यान का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में वीरवार को अकेडमिक सोसायटी क्रिटिक के सहयोग से श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का भारतीय इतिहास पर ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रुप में पंजाब के प्रसिद्ध लेखक एवं विचारक डॉ. परमजीत सिंह मानसा ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरविंदर भल्ला ने की। प्रसिद्ध लेखक डॉ. परमजीत सिंह मानसा ने गुरु गोबिंद सिंह जी के ऐतिहासिक असर, जीवन संघर्ष और बलिदान की शानदार कहानी सुनाई। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी एक ऐसी शख्सियत हैं जो एक दूर की सोचने वाले लीडर, फिलॉसफर और संत कवि होने के साथ साथ अपने समय के इंसान होने के गुण भी रखते थे। ऐसे अनोखे असर की वजह से उन्होंने भारतीय इतिहास में एक नया चैप्टर शुरू किया। इतिहास बनाने के साथ साथ लिटरेरी क्रिएशन भी गुरु जी की शख्सियत का एक खास गुण है। प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी महान शख्सियत थे।




## 34वां विशाल सद्भावना संत सम्मेलन आयोजित

# मनुष्य को सकंटों में भी नहीं छोड़ना चाहिए अपना लक्ष्य

**संत महात्मा सिंधु बाई ने प्रवचनों से किया निहाल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

कस्बा रादौर के गांव खजूरी में वीरवार को 34वां विशाल सद्भावना संत सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मानव उत्थान सेवा समिति शाखा जगाधरी द्वारा आयोजित यह सद्भावना सम्मेलन श्रीयांश जी महाराज के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम अध्यात्म सम्राट सदगुरुदेव श्री सतपाल महाराज के परम शिष्यों द्वारा हरिद्वार से पधार कर गीता व रामायण पर सारगर्भित सत्संग किया गया।

सद्भावना संत सम्मेलन में संत महात्मा सिंधु बाई ने अपने प्रवचन में कहा कि प्रभु श्रीराम चौदह वर्ष तक वनवास में रहे। वह अनेक संकटों से घिरे रहे। उन्होंने अपने जीवन में एक आदर्श प्रस्तुत किया कि संकट चाहे कितने भी आ जाएं मनुष्य को अपने लक्ष्य को नहीं छोड़ना चाहिए।

प्रभु श्रीराम के आदर्श को देखकर समाज को भी प्रेरणा प्राप्त होती है कि हम भी उनके द्वारा स्थापित आदर्शों पर चलें। महापुरुषों का जीवन बड़ा संघर्षपूर्ण रहा है। परंतु अपने जीवन के अंदर उन्होंने अध्यात्म को नहीं त्यागा। संत महात्मा मेघना बाई ने सत्संग करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को कहते हैं जब.जब अध्यात्म ज्ञान लुप्त हो जाता है। तब-तब ज्ञान के पुनर्जागरण के लिए युग-युग में मेरा प्रादुर्भाव होता है। वह जो आध्यात्मिक सत्ता है वह आध्यात्म को जीवित रखती हैएउसे आगे बढ़ती है।



यमुनानगर। कस्बा रादौर के गांव खजूरी में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते ग्रामीण।

**संसार को जगाना बड़ा काम**

संत महात्मा सपना बाई ने अपने प्रवचन में कहा कि जब धर्म की हानि होती है। लोग धर्महीन हो जाते हैं। आसुरी प्रवृत्ति का प्रादुर्भाव हो जाता है। अभिमानी लोग बढ़ जाते हैं। जब कोई किसी की सहायता नहीं करना चाहता है। ऐसी स्थिति में महापुरुषों को धर्म की स्थापना करने के लिए धराधाम पर आना पड़ता है। वह अपनी पूरी योग शक्ति के साथ आकर मानव जाति की सुषुप्त चेतना को जगाते हैं। वास्तव में संसार को जगाना अपने आप में एक बहुत बड़ा कार्य है। जिला प्रधान अजब सिंह ने बताया कि आज सत्संग समारोह के दौरान एक मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया। शिविर में कृष्णा अस्पताल रादौर द्वारा निशुल्क सेवाएं प्रदान की गई। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. संध्या पांचाल ने 170 से अधिक लोगों की स्वास्थ्य की जांच की।




यमुनानगर। शिविर के समापन पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए मुख्यातिथि।

### बुद्धि को निरंतर पोषित करते रहना जरुरीःधर्मबीर

**यमुनानगर।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दामला में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर का वीरवार को समापन हो गया। शिविर के समापन अवसर पर राष्ट्रपति से पुरस्कार प्राप्त एवं प्रसिद्ध प्रगतिशील किसान धर्मबीर सिंह कांबोज दामला ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। जबकि अध्यक्षता विद्यालय के एनएसएस अधिकारी हरिराम ने की। मुख्यातिथि एवं राष्ट्रपति से पुरस्कार प्राप्त प्रगतिशील किसान धर्मबीर सिंह कांबोज ने स्वयंसेवकों को जड़ी बुटियों, वनस्पतियों तथा प्रकृति से जुड़े बहुमूल्य ज्ञान से अवगत करवाया। कांबोज ने कहा कि दिमाग कभी गरीब नहीं होता है। वह सदैव उन्नत और विचारपूर्ण होता है। आर्थिक गरीबी कभी भी वैचारिक उन्नति की बाधक नहीं बन सकती। इसलिए हमें अपनी वैचारिक बुद्धि को निरंतर पोषित करना चाहिए। मौके पर विद्यालय के एनएसएस अधिकारी हरिराम ने सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। मौके पर स्वयंसेवकों ने जागरुकता रैली निकालकर लोगों को नशा जैसी बुराई से दूर रहने व पर्यावरण स्वच्छता का संदेश दिया। मौके पर अनिल कुमार, स्नेह लता व नविता आदि मौजूद रहे।

